# डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
## (पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

*(Accredited Grad A+ by NAAC)*

पंत्राकः-COE/299/2026 दिनांकः-13.07.2026

**अधिसूचना**

एतद्द्वारा समस्त संबद्ध महाविद्यालयों को छात्र हित में पुनः सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में अनेक बार निर्गत निर्देशों एवं स्मरण-पत्रों के उपरांत भी कतिपय महाविद्यालयों द्वारा **एम.ए. (अंग्रेजी)/एम.ए. (भूगोल)/एम.कॉम**. **एवं बी0एड0** पाठ्यक्रमों के छात्र/छात्राओं के आंतरिक मूल्यांकन **(Internal Assessment)** के अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर आज तक अपलोड नहीं किए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह दिनांक 03 अगस्त, 2026 को प्रस्तावित है। पदक (स्वर्ण, रजत एवं अन्य सम्मान) प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं की अंतिम सूची तैयार करने की प्रक्रिया प्रगति पर है। संबंधित महाविद्यालयों द्वारा आंतरिक अंक अपलोड न किए जाने के कारण पात्र छात्र/छात्राओं के प्राप्तांकों का समुचित निर्धारण एवं पदक सूची का अंतिम रूप देना गंभीर रूप से बाधित हो रहा है।

अतः यह अंतिम एवं कठोर चेतावनी दी जाती है कि जिन महाविद्यालयों द्वारा उपर्युक्त पाठ्यक्रमों के आंतरिक अंक अभी तक अपलोड नहीं किए गए हैं। वे तत्काल प्रभाव से बिना किसी विलंब के विश्वविद्यालय पोर्टल पर समस्त **आंतरिक अंक दिनांक 16.07.2026** की सांय **4** बजे तक अपलोड करना सुनिश्चित करें।

यदि निर्धारित समय के भीतर अंक अपलोड नहीं किए जाते हैं। तो ऐसे महाविद्यालयों के छात्र/छात्राओं के पदक सूची से वंचित रहने अथवा उनका नाम अंतिम पदक सूची में सम्मिलित न हो पाने की **समस्त** जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय की होगी। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय प्रशासन आवश्यक समझे जाने पर संबंधित महाविद्यालय के विरुद्ध नियमानुसार प्रशासनिक कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र होगा, जिसकी समस्त उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय का होगा।

इस अधिसूचना को अंतिम अवसर एवं अंतिम चेतावनी के रूप में ग्रहण किया जाए।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रभारी, कुलपति सचिवालय को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
3. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या को इस आशय के साथ प्रेषित कि वह उक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
4. नोडल अधिकारी, समर्थ/परीक्षा।
5. सहायक कुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय।
6. श्री सुनित चौधरी को इस आशय से प्रेषित की उक्त प्रकरण को परीक्षा समिति में अंकित करायें।
7. एजेन्सी 2025 को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को सम्बन्धित महाविद्यालयों की लॉगिन आई0डी0 पर अपलोड करें।
8. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक

Scanned with OKEN Scanner